## खबर संक्षेप

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज

**कटनी।** जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक उदय प्रताप सिंह परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में 9 मई को 12 बजे से आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त विभाग प्रमुखों को विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी (पीपीटी) के साथ नियत समय पर जिला पंचायत के सभा कक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने आयोजित बैठक के सफल और सुचारू संचालन हेतु अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अनुराग मोदी के मार्गदर्शन में दायित्वों के निर्वहन हेतु 14 अधिकारियों - कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं। नामांकित अधिकारी- कर्मचारी श्री मोदी के मार्गदर्शन में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

### प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में कार्यक्रम आज

**कटनी।** जल संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार 09 मई को सायं 4:30 बजे मसुरहा घाट, कटनी में मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह की विशेष मौजूदगी में जल गंगा संवर्धन एवं स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर जल गंगा संवर्धन अभियान से संबंधित प्रदर्शनी एवं महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा स्वच्छता आधारित उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

### लोक अदालत में आपसी समझौते से सुलझेंगे प्रकरण

**कटनी।** इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आज 9 मई को आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय कटनी सहित समस्त तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली इस नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम विवाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के अंतर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, भू-अर्जन मामले, सेवा संबंधी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य सिविल मामलों का आपसी समझौते के आधार पर राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालयों में भी लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु विभिन्न खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण हेतु रखा गया है, साथ ही बैंक रिकवरी केस, फायनेंस रिकवरी केस, विद्युत बिल, वाटर बिल से संबंधित लगभग 7697 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को भी आपसी समझौते के लिये रेफर किया गया है।

---

## रोजगार और आधुनिक खनन प्रबंधन का कटनी बनेगा राष्ट्रीय मॉडल, रोजगार के मिलेंगे व्यापक अवसर

# जिले में सोने के साथ अब डोलोमाइट के भंडार-ब्लॉक्स आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का कटनी जिला देश के महत्वपूर्ण खनिज एवं औद्योगिक केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। चूना पत्थर, बॉक्साइट, लौह अयस्क, मार्बल और लेटराइट जैसे बहुमूल्य खनिजों से समृद्ध कटनी अब स्वर्ण अयस्क के साथ ही डोलोमाइट के विशाल भंडार खनन के लिये तैयार हैं। कटनी के बड़ेरा एवं बचरबाड़ा में 50 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तीन बड़े डोलोमाइट ब्लॉक्स को माइनिंग कॉर्पोरेशन के पक्ष में आरक्षित किया गया है। इस निर्णय से कटनी में खनिज आधारित उद्योगों के विस्तार को नई गति मिलेगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब कटनी 'माइनिंग कैपिटल' के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि कटनी केवल 'चूना नगरी' तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह खनिज आधारित औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार और आधुनिक खनन प्रबंधन का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खनिज संपदा के वैज्ञानिक, पारदर्शी और जनहितकारी उपयोग के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी को 'कनकपुरी' अर्थात 'स्वर्ण नगरी' के रूप में विकसित करने की परिकल्पना को विशेष महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि कटनी की धरती केवल खनिज संपदा का भंडार नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक शक्ति का नया आधार बन रही है। कटनी की स्लीमनाबाद तहसील के इमलिया गांव, जिसे स्थानीय स्तर पर "सुनाही" के नाम से भी जाना जाता है। यहॉं पर लगभग 3.35 लाख टन से अधिक स्वर्ण अयस्क मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। यह खोज लगभग 50 वर्षों की लंबी भू-वैज्ञानिक प्रक्रिया और सर्वेक्षण के बाद की गई है। वर्ष 1974 में प्रारंभ हुए भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षणों के आधार पर इस क्षेत्र में स्वर्ण भंडार की संभावना व्यक्त की गई थी, जिसे अब वर्ष 2025-26 में अंतिम रूप दिया गया है।

### माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 से मिला वैश्विक निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में अगस्त 2025 में आयोजित 'माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0' ने कटनी को राष्ट्रीय और



अंतर्राष्ट्रीय निवेश मानचित्र पर नई पहचान दिलाई। कॉन्क्लेव में 56 हजार 414 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा कर कटनी की खनिज क्षमता और औद्योगिक संभावनाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया था। कॉन्क्लेव में 8 बड़ी कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई थी। इन निवेश प्रस्तावों से सीमेंट, मिनरल प्रोसेसिंग, ऊर्जा, धातु प्रसंस्करण और निर्माण क्षेत्र में बड़े स्तर पर औद्योगिक विस्तार होने की संभावना है। इससे हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होंगे।

कटनी जिला प्रशासन की सक्रियता, तकनीक आधारित निगरानी और बेहतर खनन प्रबंधन के कारण कटनी के खनिज राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पूर्व में जहां जिले की औसत वार्षिक खनिज आय लगभग 100 करोड़ रूपये थी, वहीं अब यह बढ़कर 160 करोड़ रूपये से अधिक हो गई है। नई खदानों और औद्योगिक इकाइयों के प्रारंभ होने से आने वाले वर्षों में राजस्व में और वृद्धि की संभावना है। राज्य सरकार का लक्ष्य केवल राजस्व वृद्धि नहीं, बल्कि खनिज संपदा से समग्र क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश के साथ सड़क, बिजली, जल, परिवहन और अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने कटनी में पारदर्शी और व्यवस्थित खनन व्यवस्था स्थापित करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाया है। बड़वारा रोड पर स्थापित ई-चेक गेट के माध्यम से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच की जा रही है। माइनिंग सर्विलांस सिस्टम के जरिए अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। प्रशासन द्वारा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण कर वैधानिक खनन गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कटनी में खनिज आधारित उद्योगों के विस्तार से स्थानीय युवाओं, आदिवासी समुदायों और श्रमिकों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सरकार का प्रयास है कि औद्योगिक विकास का लाभ सीधे स्थानीय नागरिकों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण को नई गति मिले। कटनी आज प्रदेश की औद्योगिक शक्ति, प्राकृतिक संपदा और विकास दृष्टि का प्रतीक बनकर उभर रहा है। "स्वर्ण नगरी" और "माइनिंग कैपिटल" की अवधारणा के साथ कटनी आने वाले समय में न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश के प्रमुख खनिज और औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

### सोने के साथ तांबा, जिंक, लेड और चांदी के भंडार

इमलिया क्षेत्र में केवल सोना ही नहीं, बल्कि तांबा, लेड, जिंक और चांदी जैसे बहुमूल्य खनिजों के भंडार भी पाए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह खोज कटनी को देश के प्रमुख बहु-खनिज क्षेत्रों में स्थापित करेगी। इन खनिज संसाधनों का उपयोग प्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वर्ण अयस्क क्षेत्र के विकास के लिए मुंबई की 'प्रॉस्पेक्ट रिसोर्स मिनरल प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी ने 121 करोड़ रूपये से अधिक की बोली लगाकर 50 वर्षों के लिए खनन लीज प्राप्त की है। लगभग 6.5 हैक्टेयर क्षेत्र में खनन गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। इससे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश, औद्योगिक गतिविधियाँ और रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल खनिज उत्खनन तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय स्तर पर खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना, वैल्यू एडिशन और रोजगार सृजन सुनिश्चित करना भी है।

---

*रेलवे में ठेका दिलाने के नाम पर किया था धोखाधड़ी, वाहन जब्त*

# धोखाधड़ी के आरोपित को पन्ना से पकड़ा, 36 लाख रूपये किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





एनकेजे पुलिस ने पड़ोसी पन्ना जिले से एक शातिर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित द्वारा रेलवे ठेके में निवेश का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से धोखाधड़ी की पूरी राशि 36 लाख 30 हजार रुपये और वारदात में इस्तेमाल की गई टोयोटा फॉर्च्यूनर कार भी बरामद कर ली है।

शिकायतकर्ता देवकीनंदन परौहा 59 निवासी दुर्गाचौक एन.के.जे. ने 5 मई 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पन्ना निवासी तुलसी राम साहू उर्फ बोका साहू ने खुद को रेलवे कॉन्ट्रैक्टर बताया और ग्राम सकारिया (पन्ना) में रेलवे का ठेका मिलने का झांसा दिया। आरोपी ने व्यापार में निवेश के नाम पर प्रार्थी से छल-कपट कर कुल 36,30,000 रुपये ऐंठ लिए। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस (BNS) की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और एएसपी संतोष डेहरिया व डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एन.के.जे. थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत की टीम गठित की गई। सायबर सेल की मदद से आरोपी की लोकेशन पन्ना जिले के शाहनगर के पास मिली। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी तुलसी साहू को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 36 लाख 30 हजार रुपये बरामद किया है। साथ ही टोयोटा फॉर्च्यूनर जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

---

## कलेक्टर ने कैमोर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद कैमोर द्वारा की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया तथा परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते एवं नगर परिषद की समस्त टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कैमोर नगर को स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। नगर आगमन के दौरान मार्ग में किए गए आकर्षक सौंदर्यीकरण - भित्ति चित्रकारिता कार्य विकसित किए गए आर.आर.आर. पार्क की संरचनाओं को देखकर कलेक्टर श्री तिवारी ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पलक नमित ग्रोवर एवं उपाध्यक्ष संतोष केवट के साथ परिषद टीम द्वारा समन्वय के साथ किए जा रहे कार्यों की कार्यशैली की भी सराहना की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर क्षेत्र में निर्मित ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट फैसिलिटी का अवलोकन किया।

---

# नेशनल लोक अदालत आज, अधिभार में मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर नागरिकों को राहत प्रदान करते हुए नगर निगम के बकाया करों पर लगने वाले अधिभार (पेनाल्टी) में 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करने हेतु नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 9 मई को किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे लोक अदालत के सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बकाया करों का भुगतान करते हुए नगर के विकास कार्यों में सहयोगी बनें।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नगर के अधिक से अधिक नागरिकों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही नेशनल लोक अदालत की छूट से लाभान्वित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय सहित बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में शिविर का आयोजन किया जाकर नियमानुसार संपत्ति कर एवं जलकर के अधिभार में शत-प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि ऐसे नागरिक जो निगम कार्यालय अथवा शिविर स्थल आने में असमर्थ है वे घर बैठे ही ई-नगर पालिका पोर्टल https://enagarpalika.mp.gov.in के माध्यम से भी संपत्ति कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार का भुगतान कर अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अधिकृत Whats App नंबर 7552465110 पर मैसेज कर चैटबॉट सेवा के माध्यम से नगर निगम के बकाया कर एवं छूट से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ ऑनलाइन भुगतान की सुविधा का लाभ भी प्राप्त कर भुगतान रसीद व्हाट्सएप पर ही प्राप्त कर सकते है। नागरिकों से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत स्थलों में पहुंचकर मिलने वाली छूट के अवसर का लाभ लें।

---

*नगर विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों पर भी की गई चर्चा*

# महापौर की अध्यक्षता में हुई एमआईसी की बैठक में प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में शुक्रवार की आयोजित मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में नगर विकास एवं महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक का आयोजन नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, एम आई सी सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, तुलसा गुलाब बेन, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, जय नारायण निषाद, उपायुक्त शैलेश गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### विचार विमर्श के बाद मंजूरी

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ए.एच.पी घटक के द्वितीय चरण के प्रेमनगर, खिरहनी के हितग्राहियों के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा जानकारी चाही गई कि स्वीकृति की अधिकारिता किसे है। विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य की स्वीकृति की अधिकारिता मेयर इन काउंसिल में निहित है। जिसपर प्रकरण पर विचार विमर्श किया जाकर स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नाला सफाई हेतु 50 आउटसोर्स श्रमिकों की स्वीकृति एवं 02 नग ट्राली ड्राइवर सहित की स्वीकृति 6 मई से 30 जून 2026 तक की प्रदान की गई।

इसके साथ ही नगर निगम के विभिन्न राजस्व विभाग एवं कर्मशाला विभाग में कार्य व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाओं की अवधि बढ़ाने संबंधी प्रस्तावों पर भी आवश्यक विचार विमर्श किया जाकर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगर विकास के विकास कार्यो सहित जनहित से जुडे अन्य विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

---

## प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष की उपस्थिति में हुई बैठक

# भौगोलिक स्थिति के आधार पर तहसील व ग्रामों का करें परिसीमन, सुविधाओं का भी रखें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की नई तहसील या ग्राम पंचायत बनाते समय उसकी सीमा में जिले में शामिल करने से पहले उस स्थान की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, अधोसंरचना ढाचा, मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। यह निर्देश आयोग के अध्यक्ष एस.एन.मिश्रा ने कटनी के जिला पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक में दिए।

बैठक में मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह तथा सदस्य मुकेश शुक्ला, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार,,अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर , संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन और युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य प्रशासकीय कार्यों की दक्षता को बढ़ाना और सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराना है। श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रशासनिक इकाई के पुनर्गठन के पहले जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से चर्चा कर उनकी राय लेकर आपस में समन्वय स्थापित करके राजस्व सीमाओं के



पुनर्गठन का प्रस्ताव कलेक्टर को प्रेषित करें। कलेक्टर प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करके अपने सुझाव एवं निर्णय से आयोग को अवगत करायेगें। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन के पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं सभी अधिकारियों से अलग- अलग चर्चा की जाए। चर्चा के दौरान बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

जनपद एवं तहसील की सीमाओं के परिसीमन को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जाएगा। इसके आधार पर ज्यादा से ज्यादा जनता को सुविधा दिलाई जा सके। उन्होंने बताया कि नवीन प्रशासनिक इकाई के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत बनाये गये है। नये परिसीमन में यह आवश्यक रूप से देखा जायेगा कि जनसंख्या का संतुलन हो। परिसीमन में जनसंख्या,औद्योगिक क्षेत्र एवं भौगोलिक दूरी अनिवार्य रूप से ध्यान रखा जायेगा। इसके साथ ही प्रस्तावित इकाईयों को सुविधा की दृष्टि से पुनर्गठन के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रश्नावली को पब्लिक डोमेन में लाकर उसके जबाव तैयार कर सुझाव लिये जायेगें। जिसकी समीक्षा राजस्व स्तर पर की जायेगी। यदि भौगोलिक गठन चाहते है तो बताना पडेगा कि तहसील एवं गांव किस जिले के करीब है। नये प्रशासनिक इकाई गठन में यह सभी बातें शामिल की जायेगी।

आयोग के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने आयोग के कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्तमान संरचना, युक्तियुक्तकरण,नवीन प्रशासनिक इकाईयों के गठन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतो सहित जिलों का भ्रमण कर सुझाव प्राप्त करना एवं इकाईयों की दक्षता बढाने हेतु अनुशंसा करना है। बैठक में आयोग के सदस्य मुकेश शुक्ला द्वारा पोर्टल की प्रश्नावली को भरे जाने, प्रशासकीय प्रश्नावली पदों की स्थिति एवं आवश्यकता,भौगोलिक कारक, प्राकृतिक सीमाएं, बुनियादी सुविधाएं, प्रशासनिक अमला एवं दक्षता, आर्थिक गतिविधियां, जनसंख्या का आकार और घनत्व, सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक और सामाजिक कारक, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

---

# दो लाख 88 हजार रूपये की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही करने अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाया गया। ऑपरेशन शिकंजा" के तहत पुलिस ने 356 लीटर अवैध देशी प्लेन/मसाला,58.5 लीटर अंग्रेजी शराब, 56 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल कीमती लगभग 2,88,900 रूपये की बरामद की। कार्यवाही के दौरान 105 शराब माफियाओं पर आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया। इस कार्यवाही का उद्देश्य जिले में नशे के कारोबार पर पूर्णतया प्रतिबंध एवं नशे को जड़ से उखाड़ने हेतु संलिप्त कारोबारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना है।

ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में ,कटनी जिले के समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों, समस्त थाना प्रभारियों, एवं उनकी टीमों द्वारा एक साथ संपूर्ण जिले में रेड कार्यवाही को अंजाम दिया गया। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण या विक्रय की सूचना हो तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7587615946 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नलों में नही आ रहा पानी, समस्या का समाधान नहीं

**सिलौंडी।** सिलौंडी में टंकी लाइन गांव के वार्ड 2,9, 8,3, 4 में लगभग 200 नल कनेक्शनधारी एक माह से नल नही आने के कारण बहुत परेशान है। रिटायर्ड फौजी कमलेश राय, अनुराग राय, पुरुषोत्तम राय, जुगल राय, सतेंद्र राय, रवि राय ने बताया कि पिछले एक माह से हम लोगों को नल नही चल रहे है कभी दो तीन में एक बार पानी मिलता है। गर्मी में कुआं, हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर है( सीएम हेल्प लाइन में भी शिकायत किया परन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सुबह से ही पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। प्रशासन से मांग की गई है जल्द से जल्द टंकी लाइन के नलों को सुचारू रूप से संचालित किया जाए।

### किसानों को मिलेगी 25 हजार रूपये तक की राशि

**कटनी।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन₹ (आत्मा) योजना के तहत वर्ष 2025-26 की गतिविधियों के आधार पर जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु कृषकों से 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी जैसे क्षेत्रों में नवाचार करने वाले किसानों को दिया जाएगा। परियोजना संचालक ₹आत्मा₹ ने बताया कि किसानों को उनकी तकनीक, उपज और उत्पादकता के आधार पर मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी और कृषि अभियांत्रिकी जैसी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक-एक कृषक को 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। विकासखण्ड स्तरीय पुरस्कार के तहत जिले के सभी विकासखण्ड से विभिन्न गतिविधियों के लिए चयनित एक-एक कृषक को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इच्छुक किसान अपने क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्रामसेवक), बी.टी.एम. या ए.टी.एम. से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन और कृषि अभियांत्रिकी से जुड़े कृषक अपने-संबंधित विभागों के अधिकारियों के पास भी आवेदन प्राप्त कर भरे हुए फॉर्म जमा कर सकते हैं।

### नकदी व जेवरात नहीं मिले तो घर किया अस्त व्यस्त

**कटनी।** बदमाशों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाया। घर में नकदी व जेवरात आदि नहीं मिलने पर पूरे घर की सामग्री अस्त व्यस्त कर दी। घटना एनकेजे थाना अंतर्गत कटनी-देवरीहटाई मार्ग पर बीतीरात हुई। चोरों ने घर आलमारियों को खंगाला लेकिन कुछ नहीं मिला तो वो पूरे घर में सामान फैला कर चले गए। मकान मालिक मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि उनके परिवार में वैवाहिक समारोह आयोजित था जिसमें शामिल होने के लिए वो पूरे परिवार के साथ समीपस्थ ग्राम में गए थे। इसी का फायदा उठा कर अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने मकान को निशाना बनाया। मनोज के मुताबिक घर की महिलाओं ने विवाह समारोह की वजह से अपने सोने व चांदी के जेवर पहने हुए थे और घर में ज्यादा नगदी नहीं थी। इसलिए बदमाशों को घर के अंदर सोने-चांदी के जेवर और नगदी व मिलने पर सामान बिखेर कर चले गए। मनोज के द्वारा चोरी की शिकायत एनकेजे पुलिस से की गई है। पुलिस ने मौका बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

### जलभराव की स्थिति से निबटने विशेष अभियान

**कटनी।** वर्षा ऋतु के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो तथा नागरिकों को सुगम आवागमन और बेहतर स्वच्छता वातावरण उपलब्ध हो, इसे लेकर नगर निगम कटनी द्वारा वृहद स्तर पर नाले-नालियों की सफाई का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा मशीनों एवं स्वच्छता अमले की सहायता से शहर के विभिन्न वार्डों में जल निकासी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान स्वरूप कार्यवाही की जा रही है, जिससे वर्षा जल का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित हो सके।

---

### कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, किसानों से संवाद कर ली जानकारी

# दो टूक हिदायतः लापरवाही किया तो होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर आशीष तिवारी ने उपार्जन केन्द्रों के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दो टूक लहजे में स्पष्ट किया कि किसान हित सर्वोपरि है और उनसे संबंधित किसी भी मामले में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने यह निर्देश विजयराघवगढ़ और बरही क्षेत्र के 4 उपार्जन केन्द्रों में पहुंच कर खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दिये। उन्होंने तुलाई, खरीदी, परिवहन, गेहूं की गुणवत्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर, एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता और खाद्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने गेहूं उपार्जन केन्द्र देवराकला, कारीतलाई, सिनगौडी और चना, मसूर खरीदी केंद्र बरही मंडी का निरीक्षण किया। देवराकला केन्द्र में गेहूं बेचने पहुंचे किसान अंकित और जिजनौड़ी निवासी किसान बद्री प्रसाद तिवारी से कलेक्टर श्री तिवारी ने बोये रकवे और गेहूं की पैदावार के संबंध में चर्चा किया। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया कि वे प्रयोग के तौर पर आधा एक एकड़ में सब्जी आदि भी उगायें, इससे उन्हें अधिक मुनाफा होगा। यहां 16 हजार 281 क्विंटल गेहूं उपार्जन हो चुका है और अब तक 11 हजार 900क्विंटल से अधिक गेहूं का परिवहन हो चुका है। कलेक्टर ने खरीदी केंद्र कारीतलाई और सिनगौडी में उपार्जित गेहूं का तत्काल परिवहन कराने की हिदायत दी। चना, खरीदी केंद्र से भी परिवहन कराने के निर्देश दिए। यहां कलेक्टर को निरीक्षण के दौरान दो किसानों द्वारा तेवड़ा मिश्रित चना लाया गया था, जिस पर कलेक्टर ने छन्ना से इसकी सफाई करवाने के बाद ही उपार्जित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान तौल व्यवस्था, भंडारण, भुगतान प्रक्रिया और उपार्जन केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, किसानों की उपज की तौल पारदर्शिता से हो और तय मानकों के अनुरूप साफ-सुथरा गेहूं, चना, मसूर का उपार्जन किया जाय।

कलेक्टर से किसान भाइयों ने उपार्जन प्रक्रिया में तौल, बारदाने की उपलब्धता, भुगतान और परिवहन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। किसानों ने उपार्जन केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं को संतोषजनक बताया। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर कृषकों से संवाद किया और मंडी लाई गई गेहूं की उपज को देखा और किसानों से चर्चा भी की। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि कोई समस्या हो तो सीधे उन्हें अवगत करायें।

#### सिविल अस्पताल का निरीक्षण

कलेक्टर ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं पोषण पुनर्वास केंद, ऑपरेशन थियेटर, बाहय रोगी कक्ष, स्टोर रूम, आईपीडी, गायनिक वार्ड, ऑपरेशन थियेटर वार्ड का भ्रमण किया और बाहय रोगी कक्ष और अस्पताल के आंगन की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिविल अस्पताल के ऊपर पृथक से वार्ड बनाने का प्रस्ताव तैयार कर भेजने खण्ड चिकित्सा अधिकारी विनोद कुमार को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों के परिजनों से स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके परिजनों से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर संवाद किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों के वजन और उनके उपचार की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वहां मौजूद महिलाओं से पूछा कि बच्चों को समय पर दवाईयां और पौष्टिक आहार मिल रहा है या नहीं। महिलाओं से बातचीत करते हुए उन्होंने बच्चे के वजन के बारे में जानकारी ली और केंद्र में रहने के बारे में भी पूछा।

#### जीआरएस को किया अवैतनिक

कलेक्टर ने यहां दस्सू कुमार भूमिया की समग्र आईडी नहीं बनने पर सचिव और ग्राम रोजगार सहायक द्वारा हीला हवाली किये जाने पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने ग्राम रोजगार सहायक आशुतोष तिवारी को दो दिन का अवैतनिक करने सीईओ जनपद पंचायत विजयराघवगढ को निर्देशित किया।

#### एसटीपी का निरीक्षण

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दौरान नगर पंचायत कैमोर को 5 स्टार वॉटर प्लस रैंकिंग की तैयारी के नजरिये से नवाचार के तहत निर्मित कराये गये ग्रे-वाटरट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया! इसके बाद कलेक्टर ने महानदी पर लुकामपुर गुड़ेहा पंचायत में करीब 44 करोड रूपये की लागत से निर्माणाधीन वाटर टूरीटमेंट प्लांट का भी अवलोकन किया और तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य करने के निर्देश दिया।

---

*अव्यवस्थित पार्किंग के चलते हो रही समस्या, जिम्मेदार बने बेपरवाह*

## प्रतिदिन जाम की समस्या से परेशान हो रहे ग्रामीण, हादसे की रहती है आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान नगर में प्रतिदिन लगने वाला जाम आमजन के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। मुख्य मार्गों पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि किसी भी समय सड़क पर जाम लग जाता है, जिससे कामकाज के लिए निकले ग्रामीणों, राहगीरों, यात्रियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के झंडा चौक, बस स्टैंड, आजाद चौक, बरातरे मार्ग, स्लीमनाबाद रोड, सिहोरा रोड और मुख्य बाजार क्षेत्र में सुबह से रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है।

छोटे-बड़े वाहनों, दोपहिया और ऑटो रिक्शा की बढ़ती संख्या के साथ अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क किनारे अतिक्रमण समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। जाम के चलते स्कूली छात्र, मरीज और नौकरीपेशा वाले लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई बार एम्बुलेंस और जननी वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, ज्यादा समय तक जाम में फंसे होने से मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में न तो ट्रैफिक व्यवस्था है और न ही पार्किंग की उचित सुविधा। जहां जगह मिलती है,लोग वहीं वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उमरियापान में लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई है। जाम में फंसे होने के कारण समय और पैसा दोनों अधिक लगता है।जाम की समस्या के निराकरण के लिए प्रशासन द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाया गया,जिसके चलते समस्या बढ़ती जा रही है।

---

### जिला न्यायालय परिसर से प्रचार रथ को किया रवाना



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कटनी से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती मृणालिनी सिंह ने बताया कि पैरालीगल वालेंटियर मंयक मिश्रा एवं देवेन्द्र गुप्ता के द्वारा प्रचार वाहन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही पम्पलेट व ऑडियो क्लिप के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर आमजनों को जागरूक किया जाएगा। श्रीमती सिंह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री हर्षित बिसेन ने आमजनों व पक्षकारों से न्यायालय में लंबित समस्त राजनीमा योग्य प्रकरणों को आपसी सुलह-समझौता से निराकरण कराकर लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

---

## हर श्रमिक को कानून का लाभ मिलना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




भारतीय मज़दूर संघ के क्षेत्र संगठन मंत्री ने जिले के गाँव गाँव तक संगठन को ले जाने के निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए। संगठन मंत्री ने अपने प्रवास के दौरान सिविल लाइन में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिले में कार्यरत सभी यूनियनों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में उपस्थिति रही। जिले की समस्त तहसीलों के अध्यक्ष,सचिवों ने इस महत्वपूर्ण बैठक में शिरकत की।

संगठन मंत्री सी व्ही राजेश ने प्रत्येक सेक्टर में यूनियनें गठित करने का सुझाव दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हर श्रमिक को श्रम कानूनों का लाभ मिलना चाहिये। वेतन और रोजगार की सुरक्षा को लेकर जन जागरण कर,संगठन का ध्येय अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने की बात संगठन मंत्री के द्वारा कही गई। राष्ट्र हित,उद्योग हित और श्रमिक हित के सूत्रों को ध्येय में ऱखकर काम करने के लिए कार्यकर्ताओं को उन्होंने निर्देश दिए। जिले में स्थापित विभिन्न उद्योगों, खदानों,फैक्ट्रियों इत्यादि में काम करने वाले श्रमिकों से संपर्क कर,नई नई यूनियनें बनाने के लिए सभी को निर्देश दिए।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कार्यकर्ता प्रकोष्ठ के प्रभारी सुनील किरवई का भी सभी को मार्गदर्शन मिला। उन्होंने जिले में शीघ्र ही एक अभ्यास वर्ग कराने की बात कही जिसमें प्रत्येक सेक्टर के श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के जिले के द्वारा प्रयास किये जायेंगे।

इस अवसर पर भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल, विभाग प्रमुख नागेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राज सिंह,जिला मंत्री विनोद पटेल,प्रतिरक्षा मज़दूर संघ से शिवाजी प्रताप,यादव सिंह लोखंडे, राजेश तिवारी,बरही तहसील अध्यक्ष सनत गौतम, रामसुजान जायसवाल, विजयराघवगढ़ तहसील अध्यक्ष सुरेश राठौर आदि उपस्थिति रहे।

---

*जल गंगा अभियान के तहत ननि की विभिन्न गतिविधियां*

## 20 कुओं की कराई गई सफाई, 27 सोक पिट बनाये, 681 लीकेज का किया सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम कटनी द्वारा भी नगर में रोजाना विभिन्न गतिविधियों नदी तालाबों और कुओं की सफाई, लीकेज सुधार कार्य, सोकपिट निर्माण, सार्वजनिक प्याऊ आदि का संचालन किया जाकर नागरिकों के मध्य जल के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रसारित किया जा रहा है।

कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत नगर के जल स्त्रोतों एवं उसके आसपास की सफाई के कार्य अनवरत जारी है जिसके तहत कटाएघाट स्थित कटनी नदी में प्रयागराज की मशीन के माध्यम से लगभग 400 मीटर लंबाई की नदी की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं नगर के अन्य तालाबों अमीरगंज तालाब, बजरंग कॉलोनी तालाब सहित नगर के अन्य तालाबों की सफाई हेतु जन सहयोग के माध्यम से सफाई अभियान चलाया गया है। वहीं अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डो के 20 से अधिक सार्वजनिक कुओं की सफाई कराई जाकर रंग रोगन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

#### इन स्थलों में बने सोक पिट

अभियान के तहत नगर के विभिन्न 27 हैंडपंप स्थलों पर सोक पिट का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सोकपिट निर्माण के माध्यम से हैंडपंप के पास व्यर्थ बहने वाले जल को एकत्रित कर भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है। जिसके तहत विगत



दिवसों रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित अयोध्या बस्ती और राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित अंबेडकर चौक में हैंडपंप के पास सोक पिट का निर्माण कराया जाकर जल संग्रहण के प्रयास किए गए।

#### 807 स्थलों से एकत्र किये गये पेयजल के नमूने

अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों की पाइपलाइनों के लीकेज का सुधार किया जाकर पानी को व्यर्थ बहने से रोकने के प्रयास किये जा रहे है। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार तक नगर के 681 स्थलों के लीकेज का सुधार कार्य किया जाकर जल संग्रहण के प्रयास किये जा चुके है।

वहीं अभियान के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में की जाने वाली दैनिक पेयजल आपूर्ति के दौरान 807 स्थलों से पेयजल के नमूने लिये जाकर उनकी जांच कराई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अभियान के तहत नगर के 24 स्थानों में सार्वजनिक प्याऊ का संचालन किया जाकर आम जनों के मध्य जल संरक्षण का संदेश प्रसारित किया जा रहा है।

---

### विश्व रेड क्रॉस दिवस पर तिलक कॉलेज में सम्मान सह संगोष्ठी का आयोजन

## समाज जागरूक होगा तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा "सम्मान सह संगोष्ठी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में कटनी मुड़वारा के विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल रहें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में डिप्टी कलेक्टर कटनी प्रदीप मिश्रा, भारतीय रेड क्रॉस समिति कटनी के सचिव अभिनंदन शर्मा, एम.जे.एस. लाम्बा, गोविंद सचदेवा, महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अभिनंदन शर्मा ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक श्री संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि "जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और नशा मुक्ति केवल सरकारी विषय नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन हैं। यदि समाज जागरूक होगा तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकेगा। आज जिस तेजी से जल स्त्रोत समाप्त हो रहे हैं और पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वह चिंता का विषय है। हमें अपने दैनिक जीवन में जल बचाने, अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। रेड क्रॉस जैसी संस्थाएं समाज में सेवा, मानवता और जागरूकता का संदेश देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं, जो वास्तव में प्रेरणादायक है। जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और नशा मुक्ति केवल सरकारी विषय नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन हैं। यदि समाज जागरूक होगा तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. माधुरी गर्ग ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित और समृद्ध वातावरण देने के लिए जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को जल बचाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करना चाहिए।" डॉ. विजय कुमार ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की सेवाओं एवं मानवता के प्रति उसके योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि "रेड क्रॉस सोसाइटी सदैव आपदा, स्वास्थ्य सेवा और मानव कल्याण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाती रही है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति के प्रति समाज को जागरूक करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।"

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस जिला संगठक डॉ. रुक्मणि प्रताप सिंह द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित अतिथियों एवं समाजसेवियों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रो व्ही के द्विवेदी, डॉ राजकुमार, डॉ सुनील त्रिपाठी, डॉ सुनील सिंह, श्री अमित चौधरी, डॉ. अनीता रंजन, अग्रज लहरिया,डॉ प्रियंका गुप्ता, डॉ शिवनन्दन पटेल, डॉ शोभाराम पाटिल, डॉ आर के वर्मा, डॉ बी एस राजपूत, डॉ अनिल कुमार, अंशु हरबोल, अंकित जैन, श्रीमती निशा तिवारी आदि की उपस्थिति रही।

---

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा 12 मई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक 12 मई को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। बैठक में महिला एवं बाल विकास और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों और पेयजल की उपलब्धता आदि की समीक्षा, मनरेगा, योजना विभाग,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक,ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम,समस्त सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास,एसडीओ पीएचई और समस्त जनपद शिक्षा न केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को समय पर पहुंचने निर्देशित किया है।

## खबर संक्षेप

### 48 नाबालिक बालिकाओं एवं बालकों की दस्तयाबी

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के आदेशानुसार जिले में श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक जिला दमोह एवं श्री सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के निर्देशन में एवं देवी सिंह ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा, जिला दमोह के सहयोग से पुलिस द्वारा जिले में ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया गया। दिनांक 01.04.2026 से 30.04.2026 तक ऑपरेशन मुस्कान के तहत सतत प्रयासों से अलग-अलग राज्यों से कुल 45 नाबालिक बालिका एवं 03 नाबालिक बालकों की दस्तयाबी की गई। जिसमें महाराष्ट्र से 02, राजस्थान से 03, दिल्ली से 06, हरियाणा से 01, उत्तर प्रदेश से 03, उड़ीसा से 01, कर्नाटक से 01, छत्तीसगढ से 01 एवं मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलो से 11 तथा जिला दमोह से 19 बालक-बालिका दस्तयाब हुये। दस्तयाबी को सफल बनाने में समस्त अनुविभागीय अधिकारी/समस्त थाना प्रभारी, महिला सुरक्षा शाखा दमोह, एस.जे.पी.यू. शाखा एवं सायबर सेल दमोह का कार्य सराहनीय रहा।

### भाजपा दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आज से

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत 9-10 मई को दमयंती पैलेस में आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग के पूर्व, प्रशिक्षण में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षार्थियों के उपयोग हेतु "दीनदयाल दैनन्दिनी" का विमोचन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी अभिषेक 'दीपू' भार्गव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला प्रशिक्षण सह-संयोजक संजय सेन, सह-संयोजक मनीष सोनी, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार एवं जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज उपस्थित रहे और सभी ने संयुक्त रूप से दैनन्दिनी का विमोचन किया। विमोचन के पूर्व जिला टोली द्वारा प्रशिक्षण वर्ग के लिए निर्धारित परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का विस्तृत मुआयना भी किया गया, जिससे आगामी आयोजन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विमोचन के अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, संतोष रोहित, जुगल अग्रवाल, रिंकू गोस्वामी, अखिलेश सिंह घोषी, राजुल चौरहा, शिवेंद्र तिवारी, आदित्य सिरोठिया, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मकान सूचीकरण एवं गणना कार्यों का सीएमओ द्वारा किया जा रहा सतत निरीक्षण

# मकान में ताला लगा मिला तो दल दोबारा सर्वे करने जायेगा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

मकान सूचीकरण एवं गणना कार्यों का सीएमओ द्वारा किया जा रहा सतत निरीक्षणजनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को लेकर प्रशासन द्वारा फील्ड स्तर पर निगरानी तेज कर दी गई है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में नगरीय क्षेत्र के चार्ज अधिकारी सीएमओ राजेंद्र खरे नगर के सभी वार्डों में निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। चार्ज अधिकारी राजेंद्र खरे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी मकान या परिवार सर्वेक्षण से वंचित न रहे। साथ ही कार्य की गुणवत्ता एवं डेटा की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जहां कहीं कमियां पाई जा रही हैं, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं।

#### भीषण गर्मी में कर्मचारियों का छूट रहा पसीना

हरिभूमि ने सोमवार को जनगणना की लाइव रिपोर्टिंग की, जिससे पता चला कि जनगणना के दौरान आम लोगों से ज्यादा जनगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां भीषण गर्मी में जनगणना दल को घर-घर दस्तक देनी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर जनगणना के दौरान कहीं मकान में ताला लटका मिल रहा है, तो किसी मकान में एक से ज्यादा अलग-अलग परिवारों को मकान मालिक ने किराये पर दे रखा है। इसके कारण उन मकान में रहने वाले किराएदार परिवारों की जनगणना भी की जा रही है, जिसके कारण जनगणना करने में समय भी ज्यादा लग रहा है। इस वजह से जनगणना की प्रक्रिया पूरी करने में कर्मचारियों को पसीना भी खूब बहाना पड़ रहा है।

#### मोबाइल ऐप में लॉक किया, दल को अब जनगणना के लिए दोबारा आना होगा

जनगणना दल कर्मियों ने बताया कि मकान में ताला लगा मिला इसके कारण इस मकान और यहां रहने वाले परिवारों की जनगणना भी नहीं हो पाई। गाइड लाइन के अनुसार जनगणना ऐप में इस मकान पर ताला लगा बताते हुए उसे लॉक किया है। लॉक का मतलब यही है कि अगर किसी कारण से मकान में ताला लगा मिले या परिवार का कोई भी सदस्य मकान में नहीं मिले तो उस मकान में जनगणना के लिए दल दोबारा जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत ही ऑनलाइन ऐप में लॉक किया जाता है।

#### गोपनीयता बरती जा रही

जनगणना के दौरान कर्मचारी मकान तथा परिवार से मिली सारी जानकारी लेने के दौरान गोपनीयता बरती जा रही हैं। 33 सवाल पूछने से लेकर मोबाइल पर एंट्री करते समय सावधानियां बरती जा रही हैं कि परिवार के किसी भी सदस्य की व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न हो। इस दौरान चार्ज अधिकारी राजेंद्र खरे ने बताया कि घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का परीक्षण किया जा रहा है। मौके पर ही आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जा रहे हैं, जिससे कार्य में त्रुटि एवं विलंब की संभावना न्यूनतम हो सके। निरीक्षण अब केवल औपचारिकता तक सीमित न रहकर कार्य की वास्तविक गुणवत्ता पर केंद्रित किया जा रहा है। प्रत्येक स्तर पर कार्य की समीक्षा कर आवश्यक सुधार कराए जा रहे हैं, जिससे जनगणना कार्य अधिक सटीक, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से संपन्न हो सके।

# बेलगाम दौड़ रहे ओवर स्पीड लोडिंग वाहन





**तेंदूखेड़ा।** लोडिंग वाहनों में लोगों का सफर कब मौत में तब्दील हो जाता है पता ही नहीं चलता है हादसा होने के बाद कुछ दिनों तक हो हल्ला हंगामा मचता है उसके बाद पूरी की पूरी कहानी आई - गई हो जाती है बीते दिनों 29 अप्रैल 2026 को मध्यप्रदेश के धार जिले में पिकअप वाहन पलटने से 16 लोगों की मौत हो जाने सहित 20 से अधिक लोग इस हादसे में घायल हैं बावजूद इसके तेंदूखेड़ा मुख्यालय की सड़कों पर लोडिंग वाहनों में लोगों एवं मजदूरों को एक स्थान से लाकर दूसरे स्थान पर छोड़ने का क्रम लगातार चल ही रहा है लोडिंग वाहनों में मौत का सफर जारी है इसके पहले भी प्रदेश के डिंडोरी में वर्ष 2024 में 29 फरवरी को पिकअप वाहन पलटने से 14 लोगों की यहां पर भी मौत हुई थी प्रदेशभर में इस तरह की घटनाएं आए दिन घटित हो रही है लेकिन पुलिस प्रशासन कहीं भी नजर नहीं आ रहा है। ऐसी दुर्घटना का खतरा शहर व आसपास के क्षेत्रों में भी लगातार बना हुआ है, क्योंकि रोजाना सड़कों पर ओवर लोड भारी वाहन क्षेत्रों से लेकर हाईवे तक में जमकर धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। इस दौरान ट्रैफिक व आरटीओ अमला भी मूकदर्शक बना हुआ है, इसी के चलते लोडिंग वाहनों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लोगों का कहना है कि शहर की सड़कों पर दौड़ रहे अधिकांश भारी वाहन रसूखदार लोगों के होते हैं। यही वजह है कि आरटीओ एवं यातायात पुलिस के जिम्मेदार भी उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई कभी नहीं करते हैं। जानकारों का कहना है कि सड़कों पर बेलगाम भागते लोडिंग वाहनों में अधिकांश में नंबर प्लेट तक नहीं होती है। तेंदूखेड़ा नगर सहित क्षेत्र के सभी मार्गों पर सुबह शाम मजदूरों एवं लोगों से भरे वाहनों को देखा सकता है इन वाहनों में भेड़-बकरियों की तरह लोगों को ठूंस-ठूंस कर सफर कराया जाता है और जब कोई हादसा होता है तो मौके से कभी वाहन गायब हो जाता है तो कभी नंबर प्लेट या फिर वाहनों का बीमा फिटनेस कुछ भी नहीं होता है फिर इस खेल को पुलिस अपने हिसाब से ले-देकर निपटाने की तैयारी करता है और उस हादसाग्रस्त वाहन की बदलकर दूसरा वाहन उपयोग किया जाता है लेकिन पुलिस इन वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं करती है जिससे इस तरह के हादसे आए दिन सड़कों पर दिखाई देते है तेंदूखेड़ा सहित झलौन तारादेही तेजगढ़ पाटन दमोह जबलपुर सभी मार्गों पर इन ओवरलोड वाहनों को देखा जा सकता है जिनमें लोगों को किस तरह से सफर कराया जाता है पुलिस लापता नजर आती हैं।

#### जल्द होगी कार्रवाई

इस संबंध में तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही मैंने आरटीओ विभाग से इन वाहनों पर पुलिस के साथ कार्रवाई करने बोला है जल्द ही इन वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी मैंने भी धार जिले में हुई घटना में न्यूज मे देखा है मैं तेंदूखेड़ा पुलिस को भी इन वाहनों पर कार्रवाई करने बोलती हूं।
**अर्चना अहीर, एसडीओपी तेंदूखेड़ा**

# पेड़ से लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर से 10 किलोमीटर दूर झलौन मार्ग पर नागबाबा के पास इमलीवाले कुंडा के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ की डाल से लटकते हुए मिला हैं। पत्ती तोड़ने गए लोगों ने घटना की जानकारी पास के बम्हौरी ग्राम में दी। बम्हौरी निवासी गौरव यादव ने पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी अपनी टीम एवं बम्हौरी ग्राम के लोगों के साथ घटना स्थल पहुंचे जहां पर 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव साज के पेड़ की डाल पर लाइलोन की रस्सी से लटका मिला। शव लगभग 6 दिन पुराना बताया जा रहा हैं जो काला पड़ गया था। पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद सुरक्षित मर्चुरी में रखवाया गया हैं आज सुबह अधिकारियों की मौजूदगी में दफनाने की कार्यवाही की जाएंगी। प्रधानआरक्षक महेश ठाकुर ने बताया उक्त शव की शिनाख्ती के लिए आसपास के थानों एवं ग्रामों में जानकारी भेजी गई हैं। जांच जारी हैं पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों को शव की शिनाख्त के बुलाया गया लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं दूसरी ओर सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ने वालो की भीड़ देखी जा रही है। वहीं वन अमले की गश्त पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

गश्त के दौरान यह मामला पहले क्यों नजर नहीं आया जबकि इस समय जंगल में सुबह 4 बजे से पूरे दिनभर लोगों की भीड़ तेंदूपत्ता तोड़ने उमड़ती है और शव सड़क से आधा किमी दूर पर था। अगर समय रहते पुलिस की शव की सूचना मिल जाती तो शव की शिनाख्त हो सकती थी लेकिन शव 6 दिन पुराना होने के कारण शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु निकली कलश यात्रा



**हटा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा देवरा जामशा के वार्षिकोत्सव हेतु ग्राम के पंचायत भवन परिसर में आयोजित पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ कलशयात्रा निकालकर किया गया। सर्वप्रथम वेदमन्त्रों के साथ पं गिरधर पटेरिया ने विशाल पटेल द्वारा सपत्नीक कलशों में तैंतीस कोटि देव शक्तियों का आवाहन पूजन सम्पन्न करवाया। तत्पश्चात पीतवस्त्रधारी इक्यावन माताओं बहिनों द्वारा सिर पर सुसज्जित कलशों को धारण कर ग्राम प्रदक्षिणा की गई। आगे आगे ध्वजवाहक युवाओं के जयघोष और पीछे पीछे भजन मंडली के प्रज्ञा गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रमुख मार्गों से होती हुई यह यात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंची। जहां पुष्प वर्षा कर एवं आरती उतार कर कलशयात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों को संबोधित करते हुए पं दिनेश दुबे ने बताया पूज्य गुरुदेव जी ने प्रत्येक जीवान्त शाखा के लिए वार्षिकोत्सव मनाना अनिवार्य किया है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि जनजागरण हेतु विचारों में क्रान्ति लाने का अभियान है। समाज में बढ़ रही अशांति, हिंसा एवं नैतिक पतन जैसी समस्याओं को दूर करने व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, और समाज के निर्माण हेतु कार्यकर्ताओं को एकजुट करना, पारस्परिक सहकारिता एवं कौटुंबिकता की भावना भरना, आगामी वर्ष की कार्ययोजना में जुट पड़ना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी से निः शुल्क पंचकुंडीय महायज्ञ करने एवं विविध संस्कार सम्पन्न करवाने की अपील रामप्रसाद पटेल द्वारा की गई। आयोजन में पधारे हटा, तेवरईया, अबदा, हिनोता, भैंसा, पिपरिया, मुहरई, खमरगौर, बरखेरा आदि के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के प्रति नेताराम पटेल ने आभार जताया।

### शनि जयंती पर श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में होंगे विविध आयोजन

**दमोह।** ज्येष्ठ माह की 16 मई को शनि जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही भक्ति भाव से मनाने के लिए एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शनि जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाए जाने हेतु निर्णय लिया गया। इस दिन बट सावित्री व्रत के भी होने के कारण भक्तों व श्रद्धालुओं के लिए यह दिन शुभ फलदायक होता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सुबह से पूजन प्रारंभ हो जाएगा दोपहर 3:00 बजे से श्री शिव जी शनिदेव हनुमान जी का अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात हवन पूजन भी संपन्न कराया जाएगा। इसके उपरांत शाम 6:00 बजे से विशेष रूप से नगर भंडारे का आयोजन किया गया है। इस बार सबसे महत्वपूर्ण बातें हैं कि शनि जयंती शनिवार के दिन पड़ रही है जिसका यहां से इसका विशेष महत्व माना गया है।

# रेडक्रॉस दिवस पर हुई संगोष्ठी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

टाईम्स महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाइ के द्वारा सात दिवसीय रेड कास प्रोग्राम का शुभारभं किया गया। संस्था की प्राचार्य डॉ. मनजीत कौर साहनी द्वारा रक्तदान महादान जैसे नारे के साथ उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को रक्त दान के लिए प्रेरित किया। फार्मेसी डिपार्टमेन्ट की अध्यापिका श्रीमति साधना पान्डेय द्वारा इस वर्ष की रेड कास थीम यूनाईटेड इन इयुमिनिटी के माध्यम से छात्रो को मानवता एकता एवं संकट के समय सहायता हेतु प्ररित किया। एवं डॉ. निशा सरवरिया द्वारा रेड कास दिवस के इतिहास से परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन रवीना सूर्यवनशी द्वारा कराया गया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों ने मानव सेवा एवं समाज कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यकम में सभी शिक्षको की उपस्थिति रही।

# प्रगणकों एवं सुपरवाइजर का सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** प्रगणकों एवं सुपरवाइजर के उत्कृष्ट कार्य का सम्मान कार्यक्रम शास सांदीपनि विद्यालय पटेरा में आयोजित किया गया। भारत की जनगणना 2027 में जिला दमोह की तहसील पटेरा में प्रकरणों द्वारा अपनी एचएलबी का कार्य निर्धारित अवधि से पूर्व 100 प्रतिशत पूर्ण करने उनके उत्कृष्ट, समर्पित एवं सराहनीय कार्य हेतु 70 प्रगणको को चार्ज अधिकारी उमेश तिवारी तहसीलदार पटेरा द्वारा समस्त प्रगणक एवं सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी फील्ड ट्रेनर्स मुकेश गूजरे, कमलेश शर्मा लक्ष्मण विश्वकर्मा, प्रमोद परौहा, मुलाम सिंह राजपूत सभी फील्ड ट्रेनर्स एवं सुपरवाइजर की विशेष उपस्थिति रही।

# पंच कल्याणक महोत्सव में पहुंचे राज्यमंत्री

### पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने लिया मुनिसंघ का आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**



कुम्हारी में आयोजित 'श्री जिन चतुर्विंशति तीर्थंकर मानस्तम्भ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव' का भव्य समापन गजरथ फेरी के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल शामिल हुए। उन्होंने मुनिसंघ के दर्शन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र में नई गौशाला के शिलान्यास की भी अनुमोदना की। राज्यमंत्री श्री पटेल ने गौशाला की आधारशिला की अनुमोदना की। उन्होंने कहा कि ₹जीव दया ही सबसे बड़ा धर्म है और गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है।₹ उन्होंने जैन समाज द्वारा जीव दया के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होने कहा, आचार्य श्री विद्यासागर जी के नाम पर मध्य प्रदेश में लगभग 126 गौशालाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें जैन समाज सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। कई गौशालाएं अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही हैं और वे देखने योग्य उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने अपने विभिन्न दौरे का उल्लेख करते हुए गौशालाओं के संचालन की सराहना की तथा स्थानीय 'सकल जैन समाज' को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि छोटे से ग्राम में इतने बड़े स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन समाज की एकजुटता और सेवा भावना को दर्शाता है।

# 3 वर्षीय बालक को अज्ञात लोग उठा ले गये



**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी अंतर्गत ग्राम महुआखेड़ा से एक 3 वर्ष या बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों और ग्रामीणों की माने तो सफेद कार जिसपर काली फिल्म चढ़ी थी और बच्चों के कपड़े बेचने के बहाने बाइक से आए अज्ञात लोग बालक को उठाकर ले गए है। परिजनों की जानकारी पर तेजगढ़ थाना पुलिस मामला दर्ज कर कार्यवाही और जांच में जुटी हुई है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने मामले में तत्काल कार्यवाही की मांग को लेकर शुक्रवार शाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

#### घर से अचानक हुआ लापता

जानकारी अनुसार ग्राम महुआखेड़ा निवासी माखन पिता कनई सिंह लोधी का 3 वर्षीय बालक अनिरुद्ध लोधी दोपहर को घर पर था और अचानक ही वह लापता हो गया। बालक को लापता देख ग्रामीणों ने अलग-अलग स्थान पर उसकी तलाश शुरू की और काफी तलाश करने के बाद भी बालक की कोई जानकारी उन्हें नहीं लगी। वही इस दौरान ग्राम के कुछ बच्चों ने बताया की एक बाइक पर बच्चों के कपड़े बेचने वाला उनके घर तक आया था और एक सफेद कर भी गांव के बाहर खड़ी थी जो बालक को उठाकर ले गए हैं। बच्चों से जानकारी मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण सकते में आ गए उनके द्वारा तत्काल ही पुलिस को सूचना देने के साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरी ओर घटना की गंभीरता को देख तेजगढ़ थाना और इमलिया चौकी पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने गांव के बाहर मुख्य सड़क पर कार खड़ी होने की पुष्टि तो की है परंतु कार से किसी भी व्यक्ति के बाहर निकलने की बात फिलहाल सामने नहीं आई है। इसके साथी बाइक सवार व्यक्ति के संबंध में की कोई स्पष्ट जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच को दिशा दे रही है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में आज जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। साथ ही उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, दमोह द्वारा बताया गया कि वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला दमोह सुभाष सोलंकी के निर्देशानुसार तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा श्रीमती स्मृति सोनी के मार्गदर्शन एवं संबोधन में नालसा की जागृति स्कीम 2025 के अंतर्गत "सुरक्षित बचपन, संरक्षित भविष्य" अभियान के तहत संदीपनी विद्यालय तेंदूखेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्राचार्या श्रीमती संगीता सरैया सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं किशोर विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम 2012 के संबंध में जागरूक करना था। अपने संबोधन में श्रीमती स्मृति सोनी ने कहा कि पोक्सो अधिनियम बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न एवं अश्लील हरकतों से संरक्षण प्रदान करने वाला एक महत्वपूर्ण विशेष कानून है। यह अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के सभी बालक एवं बालिकाओं को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस कानून के अंतर्गत अपराध की गंभीरता के अनुसार न्यूनतम 3 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार घर में माता-पिता बच्चों के अभिभावक होते हैं, उसी प्रकार विद्यालय में शिक्षक बच्चों के संरक्षक एवं मार्गदर्शक होते हैं। यदि किसी भी बच्चे को अपने साथ किसी प्रकार की गलत गतिविधि होने का संदेह हो अथवा ऐसी किसी घटना की संभावना महसूस हो, तो उसे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देना चाहिए, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई। बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 तथा पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के संबंध में विस्तार से बताया गया। साथ ही विधिक सहायता एवं परामर्श हेतु नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य उपस्थितजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं कानूनी संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, जिससे उनमें जागरूकता एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# जीवन रक्षा के गुर सिखाए गए



**दमोह।** 'विश्व रेडक्रॉस दिवस' के अवसर पर स्थानीय महाराज भवन में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. केदारनाथ शर्मा (वृद्धजन आयुष अस्पताल, दमोह) ने उपस्थित जनों को संकट की स्थिति में जीवन बचाने के महत्वपूर्ण तरीके बताए। डॉ. शर्मा ने वीडियो प्रदर्शन और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के माध्यम से **प्राथमिक उपचार और सी.पी.आर. की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना या किसी भी आपातकालीन स्थिति में घायलों को तुरंत सही उपचार मिलना कितना आवश्यक है। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव शैलेंद्र राय, योगाचार्य श्री कृष्ण कुमार परोहा सहित कई गणमान्य नागरिक और पुलिस बल के सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने समाज में 'मानवता ही धर्म है' के संदेश को आत्मसात करने और घायलों की मदद के लिए संवेदनशील बनने का आह्वान किया।

**'दिशा' बैठक : 30 जून तक मेडिकल कॉलेज भवन हैडओवर,मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ**

# करैया, बांदकपुर और आनू ओवरब्रिज दिसंबर तक पूर्ण होने की संभावना, गैसाबाद पुल भी जल्द होगा शुरू

**जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, केन-बेतवा लिंक परियोजना पर विशेष फोकस**

**सांसद राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में हुई बैठक**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दिशा की बैठक एक सतत प्रक्रिया है, जो प्रत्येक तीन महीने में आयोजित की जाती है, ताकि विकास कार्यों की प्रगति और संभावित देरी की निगरानी की जा सके। बैठक में केन-बेतवा लिंक परियोजना की विधिवत समीक्षा की गई। इसके साथ ही सीतानगर परियोजना से छूट गए 33 गांवों और हिंडोरिया क्षेत्र को जोड़ने के लिए रोडमैप तैयार किए जाने पर भी चर्चा हुई। मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की स्थिति में है। वहीं नर्सिंग कॉलेज का टेंडर भी खुल चुका है और जल्द ही उसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत जिन मंजरा-टोलों तक सड़कें नहीं पहुंच पाई हैं, उन्हें लेकर भी अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस आशय के विचार दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में व्यक्त किये।

## वीआईपी रोड निर्माण में देरी पर चेतावनी

नगरपालिका दमोह अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक से कीर्ति स्तंभ तक बनने वाली वीआईपी रोड के एक हिस्से का कार्य अधूरा होने पर सांसद राहुल सिंह ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## अमृत सरोवर तालाब मामले में जांच दल गठित

सदगुवां क्षेत्र में अमृत सरोवर योजना के तहत बने तालाब के सूखने का मामला भी बैठक में उठा। उन्होने कहा, लगभग 19 लाख रुपये की लागत से बने तालाब के समीप अवैध उत्खनन होने के कारण तालाब प्रभावित हुआ है। मामले की जांच के लिए एक जांच दल गठित किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों से साइलो में सीधे पंजीयन कराने की अपील

सांसद राहुल सिंह ने कहा कि हटा एवं हिनौता क्षेत्र में साइलो (Silo) संचालन प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे किसानों को उपार्जन केंद्रों पर होने वाली भीड़ से राहत मिलेगी। उन्होने किसानों से अपील की है कि वे सीधे साइलो में अपना पंजीयन स्लॉट बुक कर गेहूं जमा करें। उन्होने कहा, कुछ उपार्जन केंद्रों पर भीड़ और अव्यवस्था की शिकायतें सामने आई हैं, लेकिन जिले के कलेक्टर प्रताप नारायण यादव लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। किसानों से अवैध वसूली या दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य मध्य प्रदेश के किसानों का एक-एक दाना खरीदना है।

## 'कृषि कल्याण वर्ष' में किसानों को हाई-टेक खेती से जोड़ने का अभियान तेज

सांसद राहुल सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में 'कृषि कल्याण वर्ष' के अंतर्गत किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पद्धति आधारित खेती, नवीन तकनीकों तथा कृषि नवाचारों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहले प्रदेश में 'किसान वर्ष' और उसके बाद 'खेल वर्ष' मनाकर विकास और नवाचार को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में राज्य में निरंतर जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुख पहलें संचालित की जा रही हैं। 'कृषि कल्याण वर्ष' के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में विशेष कृषि रथ भेजे जा रहे हैं। इन रथों के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संवाद स्थापित कर रही है। किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि उपकरण, जैविक खेती, जल संरक्षण तकनीकों तथा नई कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जा रही है।

## पुल जल्द शुरू होंगे

सांसद राहुल सिंह ने कहा करैया, बांदकपुर और आनू के रोड ओवर ब्रिज (**ROB**) निर्माण कार्य तेजी से अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि दिसंबर माह तक तीनों **ROB** पूर्ण होकर जनता को समर्पित कर दिए जाएंगे। उन्होने कहा, इसके साथ ही जिले में एक बड़े गौ-अभ्यारण्य की स्थापना की दिशा में भी कार्य प्रगति पर है। परियोजना के भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन की संभावना है। हालांकि कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि अभी शेष है। गैसाबाद पुल परियोजना को लेकर भी प्रशासनिक प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। संबंधित अधिकारियों के अनुसार पन्ना कलेक्टर कार्यालय द्वारा भूमि अधिग्रहण एवं अन्य औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। शेष तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि कार्य प्रारंभ होने के लगभग 15 दिनों के भीतर दमोह-गैसाबाद-हटा मार्ग पर आवागमन आंशिक रूप से सुचारु हो सकेगा। वर्तमान में पन्ना जाने वाले यात्रियों को हो रही कठिनाइयों में इससे बड़ी राहत मिलने की संभावना है।

## मेडीकल कॉलेज

सांसद राहुल सिंह ने कहा, दमोह में बन रहा मेडिकल कॉलेज अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 30 जून तक मेडिकल कॉलेज की भवन निर्माण प्रक्रिया पूर्ण कर उसे औपचारिक रूप से हैंडओवर कर दिया जाएगा। इसके बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ किए जाने की संभावना है। हाल ही में आयोजित हुई **NEET** परीक्षा के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि पहले शैक्षणिक सत्र में लगभग 100 विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। प्रत्येक वर्ष 100 सीटों की वृद्धि के साथ अगले चार वर्षों में मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर लगभग 400 हो जाएगी।

## नर्सिंग कॉलेज का टेंडर भी जारी

मेडिकल शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए नर्सिंग कॉलेज की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। नर्सिंग कॉलेज का टेंडर जारी हो चुका है, जिससे आने वाले समय में लगभग 100 से 150 विद्यार्थियों को नर्सिंग शिक्षा का अवसर मिलेगा। पीजी कोर्स शुरू होने के बाद विद्यार्थियों की कुल संख्या लगभग 800 तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होने कहा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल संचालन के लिए फैकल्टी, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी कर्मचारियों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों सहित लगभग 1,000 लोगों का स्टाफ कार्यरत रहेगा। इससे जिले में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

## दमोह की अर्थव्यवस्था को मिलेगा बड़ा लाभ

, विशेषज्ञों का मानना है कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के शुरू होने से आसपास के क्षेत्र में होटल, किराना, परिवहन, किराये के मकान, भोजनालय और अन्य व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे दमोह आर्थिक रूप से समृद्धि की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा और यह परियोजना जिले के विकास का बड़ा केंद्र बनेगी।

## दमोह को मिलेगा टाइगर सफारी गेट

सांसद राहुल सिंह ने कहा, ओरछा-हीरापुर- दमोह- जबलपुर मार्ग पर **MPRDC** द्वारा टू-लेन शोल्डर सड़क का निर्माण किया जाएगा। परियोजना के तहत 17 किलोमीटर का एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा, जिससे वन्यजीवों के लिए नीचे से सुरक्षित रास्ता उपलब्ध रहेगा और सड़क हादसों में कमी आएगी। उन्होने कहा, क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण सड़कों पर जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। प्रशासनिक प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

## झापन और बीना-बारह परियोजनाओं को स्वीकृति

झापन क्षेत्र के आसपास एक नई परियोजना को मंजूरी मिली है। वहीं देवरी विधानसभा क्षेत्र में बीना-बारा परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस अवसर पर आयोजित बैठक में विधायक उमा देवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित समिति के सदस्यगण और संबंधित विभागो के अधिकारीगण मौजूद रहे।

**चालक पर शराब के नशे का आरोप**

# धुनगी तिराहे के पास यात्री बस पलटी, 9 गंभीर, दर्जनों घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार/जबेरा

दमोह। जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत रोड बनवार मार्ग पर धुनगी तिराहा और पेट्रोल पंप के बीच शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां नामदेव ट्रेवल्स की भजिया से बांदकपुर डेली सर्विस यात्री बस हल्की टर्न पर अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए गहरी खाई में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर यात्रियों के बीच चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए बस में फंसे करीब 30 से 35 यात्रियों का रेस्क्यू किया गया तथा डायल 112 को सूचना दी गई। इस दुर्घटना में करीब 9 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि दर्जनों यात्री चोटिल बताए जा रहे हैं। गंभीर घायलों को 108 एंबुलेंस के ईएमटी अरविंद, चमन, पायलट और राममूर्ति मिश्रा द्वारा मौके पर प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल दमोह पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उनका इलाज जारी है। घटना को लेकर यात्रियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बस चालक शराब के नशे में था और बार-बार स्टेरिंग पर झुक रहा था, जिससे बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घायलों में मनोहर आदिवासी (लरगंवा), उनकी पत्नी भारती, सीमा आदिवासी, देशरानी सेन सहित अन्य यात्री शामिल हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर जा रहे थे और हादसे की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को दो 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। बाद में नायब तहसीलदार राजेश साहू भी मौके पर पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टर आशुतोष पटेल, डॉक्टर ऐश्वर्य प्रताप राजपूत, जावेद खान एवं मेडिकल टीम द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। घायलों में गुड्डी विश्वकर्मा (60), सीमा राजगौंड (26), देशरानी सेन (50), आकाश विश्वकर्मा, गोपाल खुमान (46), अर्चना, आयुषी (9), बाबूलाल वंशवर्ती सहित अन्य यात्री शामिल हैं, जबकि कई लोग मामूली रूप से घायल होकर घर लौट गए हैं। थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। हादसे में 8 से 9 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, चालक मौके से फरार है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और बस के दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

